तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

11 आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाया गया पीएम मातृवंदना...



12 पीएम आवास निर्माण में आएगी तेजी फील्ड निरीक्षण पर...





B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

# रेडियो वार्ता दीदी के गोठ में आज लखपति दीदियों की कहानी

## कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर सहित प्रदेश के सभी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुशासन का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होगा जब हमारी ग्रामीण महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनें। इसी दूरदर्शी सोच के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करने के लिए एक नई ऐतिहासिक पहल की है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगी। दीदी के गोठ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन सरकार की दूरदर्शी सोच का प्रतिबिंब है। इसका उद्देश्य महिलाओं की आवाज को पूरे समाज तक पहुंचाना, उनके संघर्ष और उपलब्धियों को सामने लाना तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन की राह दिखाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के नाम विशेष संदेश और प्रेरणादायी शुभकामनाएं ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आत्मनिर्भरता की राह

आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनका जीवन बिहान योजना से सकारात्मक रूप से बदला है। इनकी प्रेरणादायी कहानियाँ रेडियो की आवाज के माध्यम से हर गांव और हर घर तक पहुंचेंगी, ताकि अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भरता की राह पकड़ सकें।




### प्रेरणा का वातावरण

इस कार्यक्रम के प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने के लिए पंचायत, ग्राम संगठन और संकुल संगठन स्तर पर सामूहिक श्रवण की व्यवस्था की जा रही है। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय समुदाय और स्व–सहायता समूह की दीदियाँ विशेष रूप से शामिल होंगी। सामूहिक श्रवण से ग्रामीण क्षेत्रें में आपसी संवाद, चर्चा और प्रेरणा का वातावरण बनेगा।

## खबर संक्षेप

### बस की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त, चालक घायल

**बालोद।** कार के माध्यम से जमीन संबंधी कार्य करवाकर पटवारी के साथ आ रहे व्यक्ति को बस ने ठोकर मार दी। घायलों की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एफएसएएल भिलाई प्लांट में कार्यरत हरिशचंद ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह अपने कार आई 20 क्रमांक सीजी 04 पीडी 5201 से कार्यवश अपने साथ जीवन लाल मारगिया के साथ पटवारी बोरतरा से जमीन संबंधी बात को लेकर बोड़रा की ओर से आ रहे थे, तभी बिजली ऑफिस के सामने मेन रोड ग्राम बोरतरा के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही बस क्रमांक बस क्रमांक सीजी 05 जे 0225 का चालक ने तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए कार को ठोकर मार दिया, जिसे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से मेरे दाहिने आंख के उपर माथे में चोट लगने से खून बह रहा है। मेरे साथ बैठे जीवन लाल मारगिया को कोई चोट नहीं पहुंची है।

### दीवार पोताई पर दो पक्षों में मारपीट, अपराध दर्ज

**बालोद।** दो घरों से लगी एक दीवाल की पुताई को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इसमें प्रथम पक्षकार ग्राम जुंगेरा वार्ड नं. 6 निवासी महेश्वरी साहू ने तीन लोगों के खिला अपराध दर्ज कराया है, जिसमें शिकायत पर धारा 115(2), 296, 3(5), 331(1), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष ग्राम जुंगेरा निवासी राज कुमारी साहू की शिकायत पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत दो लोगों के खिलाफ अपरध दर्ज कराया है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत के बाद जांच में जुटी है।

### देवांगन समाज महिला प्रकोष्ठ का तीज मिलन आज

**डौंडीलोहारा।** जिला देवांगन समाज महिला प्रकोष्ठ बालोद के तत्वावधान में रविवार को ग्राम सिवनी स्थित मां परमेश्वरी जिला सामुदायिक भवन में तीज मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा उपस्थित रहेंगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कैशर देवांगन, अध्यक्ष जिला देवांगन समाज महिला प्रकोष्ठ बालोद करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, तोमन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, दीपक देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद, प्रतिभा चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद, सरस्वती टेमरिया अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद, पूजा बैष्णव साहू, किरण देवांगन, तुलसी पोषण देवांगन, कुंती संतोष देवांगन, टिकेन्द्र देवांगन, ममता साहू एवं ग्राम सिवनी सरपंच बहुर सिंह नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। दोपहर 2 बजे से मटका फोड़, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ एवं श्रृंगार प्रतियोगिता होगी।

## लापरवाही : 8 लाख में लगाना था 2 हाई मास्ट लाइट, लेकिन लगा दिया 21 नग साधारण ट्यूबलर लाइट

# नगर पंचायत में नियम विरुद्ध कार्यों की शिकायत, कलेक्टर को पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर पंचायत में कार्यादेश व निविदा के विरुद्ध कार्य किए जाने को लेकर मंडल मंत्री भाजपा धर्मेन्द्र निषाद ने कलेक्टर बालोद को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में नगर पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार खेल मैदान डौंडीलोहरा में 8 लाख की लागत से 2 नग हाई मास्ट लाइट लगाने का प्रावधान था, किंतु नियमों की अनदेखी करते हुए 2 नग हाई मास्ट लाइट के स्थान पर 21 नग साधारण ट्यूबलर लाइट लगाई गई हैं। शिकायत में उल्लेख है कि नगर पंचायत द्वारा जारी निविदा एवं आदेश में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया गया था, इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य कर दिया गया। इससे शासन-प्रशासन की आर्थिक क्षति होने के साथ ही आम नागरिकों को भी असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धर्मेन्द्र निषाद ने अपनी शिकायत में संबंधित ठेकेदार एएन इंटरप्राइजेस, राजनांदगांव और नगर पंचायत अधिकारियों की भूमिका की जांच



कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत डौंडी लोहरा के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से निविदा शर्तों और आदेश का उल्लंघन करते हुए यह कार्य किया गया है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। इसकी प्रतिलिपि उन्होंने राज्य शासन के मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर को भी भेजी है। विदित हो कि इस कार्य की शिकायत पार्षद राजेंद्र निषाद द्वारा नगर पालिका अधिकारी डौंडीलोहारा को की गई थी, इसके उपरांत सीएमओ ने ठेकेदार को कार्य न करने हेतु पत्र भी जारी किया था, बावजूद कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।

### फरार ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**बालोद।** तीजा मनाने मायके गई पत्नी लाने बेटी के साथ बाईक से ससुराल जा रहे चालक को ट्रक ने ठोकर मार दिया, इस घटना में पिता-पुत्री की मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 184 एमवीएक्ट, 106(1), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच में जुटी है। विदित हो कि ग्राम वार्ड क्रमांक 19 देवरी बंगला थाना देवरी निवासी डोमेन्द्र कुमार पिता शिव प्रसाद मण्डावी 36 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरा साढू भाई ग्राम कोण्डेकसा थाना दल्लीराजहरा निवासी सुरेश कुमार नेताम 35 वर्ष अपनी बेटी नैना नेताम 10 वर्ष के साथ बाइक क्र. सीजी 24 एन– 3640 से अपनी पत्नी शारदा नेताम को ले जाने आ रहे थे कि शाम करीब 5.30 बजे ग्राम अछोली हाई स्कूल के पास मेन रोड में सामने से आ रहा ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीटी 7329 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे चालक सुरेश कुमार नेताम और पीछे बैठी नैना नेताम को गंभीर चोटे आयी। इस घटना से सुरेश कुमार नेताम की मृत्यु हो गई व नैना नेताम को इलाज के लिए डौण्डीलोहारा के अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत पर पुलिस अब जांच में जुटी है।

# दिसंबर में होगा 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में उद्घोषित नारी सशक्तिकरण पर 8 से 11 दिसंबर को जिला स्तरीय शक्ति संवर्धन विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ बालोद नगर में होने जा रही है।

गायत्री परिवार कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में हिमालय के दिव्य अग्नि से 1926 में प्रज्वलित अखंड ज्योति की शताब्दी एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष पर यह आध्यात्मिक आयोजन रखा गया है, नैतिक, बौद्धिक एवं सामाजिक क्रांति द्वारा युग निर्माण का संकल्प लिया गया है।

इसी की तैयारी हेतु जिलास्तरीय लगभग 65 गायत्री परिवार परिजन 30 अगस्त को शक्ति कलश लाने शांतिकुंज हरिद्वार रवाना हुए परिजनों के रूप में गायत्री परिवार मुख्य प्रबंध ट्रस्टी दशरथ कलिहारि के नेतृत्व में कमलनारायण साव, शिव कलिहारि, कमल टुवानी, श्याम बिहारी राजपूत, ओमप्रकाश गजेंद्र, बीएस. नायडू, तोरण साहू, दिलीप पटेल, खेमलाल साहू, तिलोक साहू, लोचनराम साहू, रवि कुमार, चंद्रहास देवांगन, युवराज पटेल, विवेक साहू, प्रखर साहू, दामिनी साहू, गंगाधर, ओमेश्वरी मंडले, देवनंद साहू, केशव राम, मनीषा सिन्हा, गायत्री सिन्हा, अनिता साहू, निशा साहू, गायत्री शक्तिपीठ बालोद से रवाना हुए।

शक्ति कलश जिला के प्रत्येक गांव में भ्रमण करते हुए महायज्ञ की जानकारी देंगे, इसी संबंध में 14 सितंबर को गायत्री शक्तिपीठ बालोद में गायत्री परिवार जिला स्तरीय गोष्ठी कार्यक्रम रखी गई है, जिसमें शक्ति कलश दर्शन पर सामाजिक, आध्यात्मिक व राजनीतिक प्रमुखों को आमंत्रित किया जा रहा है एवं विशेष कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

# रजत जयंती व खेल दिवस पर 'मोर खेल मोर गौरव' का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद। शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में जिला प्रशासन बालोद के निर्देशन में छत्तीसगढ़ रजत जयंती 2025 एवं खेल दिवस फिट इंडिया का आयोजन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मोर खेल मोर गौरव का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के सभी छात्रओं ने सक्रियता से भाग लिया।

इस अवसर पर साल के व्यायाम शिक्षक सूर्यकांत सिंह ने बच्चों को सुबह की शुरुआत जुम्मा म्यूजिकल पीटी के साथ कराया



तत्पश्चात डास बाल, थ्रो बॉल एवं शतरंज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्था के सभी व्याख्यातागण एवं शिक्षक उपस्थित थे तथा कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रभारी प्राचार्य बीएन. योगी एवं एमके. ठावरे ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### घर में लगाई आग अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

**बालोद।** रसोई घर के खिड़की में लगे पर्दे को अज्ञात द्वारा आग लगाने वाले के खिलाफ पुलिस ने धारा 326(ह) के तहत रिपोर्ट अपराध दर्ज कर जांच में जुटी है। जगन्नाथपुर झुण्डा पारा निवासी मीना साहू ने पुलिस को बताया कि वह घर में अकेले रहती है। रात्रि खाना खाकर सो गई थी, सुबह उठी तो रसोई कमरे की खिड़की में लगा परदा जलकर नीचे गिरा था, जबकि टेबल के नीचे गैस सिलेण्डर था, जिसमें आग नहीं लगने से बड़ी घटना टल गई। असामाजिक तत्वों ने आंगन में लगा नल को भी तोड़ दिए, जिससे लगभग 3 हजार की क्षति पहुंची है। महिला की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है।

# नगर पंचायत में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती महोत्सव एवं मेजर ध्यानचंद की जन्मोत्सव स्मृति के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विभिन्न खेल कार्यक्रम सहित स्कूली छात्र छात्रओं द्वारा गतिविधियों का आयोजन किया गया।



उक्त रजत जयंती महोत्सव एवं खेल कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश कुमार साहू, प्रिंसिपल चिंताराम धुरव, प्रधानपाठक रामचन्द्र ठाकुर, प्रधानपाठक पुष्पलता साहू, प्रधानपाठक बोधनराम, शिक्षक नेमसिंह कुंजाम, शिक्षक तामेश्वर साहू, शिक्षक मालती साहू, राजकुमारी चतुर्वेदनी, शिक्षक राधिका साहू, शिक्षक लोकेश्वरी साहू, ललिता ठाकुर, तारण उइके एवं अन्य शिक्षक शिक्षका तथा नगर के सम्माननीय नागरिकगण उपस्थित थे।

## जिले की 498 महिलाएं वृहद् स्तर पर सब्जी बाड़ी की खेती से आत्मनिर्भर बनीं

# स्व-सहायता समूह की महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से बनीं लखपती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसके तहत जिले में महिलाओं का समुदाय आधारित स्व–सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर स्तरीय संगठन के रूप में वृहद् फेडरेशन तैयार हुआ है, जिसका संचालन, प्रबंधन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

इससे इनमें कुशल नेतृत्व का विकास एवं आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। इसी का परिणाम है कि महिलाएं अब संगठनों के संचालन के साथ–साथ विभिन्न स्व–रोजगार एवं आजीविका मुलक गतिविधियों में संलग्न होकर अपने कौशल को निखार रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न आय सृजन कार्यों से जोड़कर 'लखपति दीदी' बनाने की व्यापक पहल प्रारंभ की गई है। इसी के अनुरूप जिले में कृषि एवं कृषि संबंध गतिविधियों के अधिक संभावनाओं के दृष्टिगत स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सब्जी बाड़ी एवं किचन गार्डन का कार्य बहुतायत में किया जा रहा है। बिहान द्वारा इसे विस्तारित करने विशेष कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है।



इसके तहत योजनाओं के अभिसरण पर विशेष बल दिया गया, इसमें बिहान योजना से वित्तीय सहयोग एवं उद्यानिकी तथा अन्य संबंध विभाग प्रमुख है, जिले में वर्तमान में एसएचजी के 498 महिलाओं द्वारा वृहद् स्तर पर सब्जी बाड़ी का कार्य किया जा रहा है। साथ ही 769 महिलाओं द्वारा कीचन गार्डन भी तैयार किया गया है, जिससे की परिवार को पोषण युक्त भोजन प्राप्त हो सके उक्त कार्यों में परंपरागत दवाई एवं खाद के साथ–साथ उन्नत तकनीक यथा–मल्चिंग, ड्रीप, स्पिंक्रलर आदि के प्रयोग से कार्य संचालित है।

विकासखंड गुरूर के ग्राम डढारी की कल्याणी स्व–सहायता समूह की ममता निषाद बताती है कि मेरे द्वारा 1 वर्ष पूर्व बिहान से 2.30 लाख ऋण लेकर सब्जी बाड़ी का कार्य प्रारंभ किया गया। मुझे ऋण के साथ बिहान के संवहनीय योजनाओं से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। साथ ही जिला/जनपद के समन्वय से उद्यानिकी विभाग से नियमित तकनीकी मार्गदर्शन मिलता है, जिससें मुझे प्रतिवर्ष 1.60 लाख की आय होती हैं, इससे मैं लखपति श्रेणी में आई हूं, इससे मुझे गर्व की अनुभूति होती है। इसी प्रकार बिहान की कई महिलाएं अवसर को समझते हुए अपने और परिवार को आगे बढ़ा रही है। समाज के अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रही है।

# नेत्रदान शिविर का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के अंतर्गत नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर जारी है। जब से जिला बालोद अमल मे आया है तब से बालोद जिला नेत्रदान में अपना 100 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करते आया है। प्रत्येक नेत्रदान उपलब्धि में राज्य से पहला, दूसरा स्थान पर रहा है। जहां 30 अगस्त को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान एम्स रायपुर द्वारा जिला बालोद के सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा एवं सहयोगी नेत्र सहायक अधिकारी कुशल साहू, मोकेश्वरी हिरवानी, टिकेश्वरी साहू का सम्मान एम्स रायपुर के नेत्र विभाग द्वारा संचालक के हाथो सम्मान किया ▶▶|शेष पेज 10 पर

# मैत्रीबाग का म्यूजिकल फाउंटेन वर्षों से बंद, नहीं मिल रहे सालों से पार्ट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मैत्रीबाग में मनोरंजन का प्रमुख संसाधन म्यूजिकल फाउंटेन वर्षों से बिगड़ा पड़ा है। देश में बैंगलुरु के इंदिरा गांधी गार्डन के बाद देश के दूसरे सबसे अनूठे लाखों के इस संगीतमय रंगीन फौव्वारे के बंद होने से पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है वहीं मैत्रीबाग को भी अब तक टिकट के रुप में हजारों रुपए की आय का फटका लग चुका है। शहर के सैलानियों ने प्रबंधन से इस खूबसूरत फाउंटेन को जल्द रिपेयर कर चालू करवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई में बीएसपी का मैत्रीबाग चिड़ियाघर प्रदेश का सबसे पुराना और बड़ा जू ही नहीं बल्कि यहां मनोरंजन के कई साधन हैं। वन्य प्राणियों के रुप में प्रसिद्ध मैत्रीबाग में वर्ष 2000 में उस समय मनोरंजन का नया अध्याय जुड़ा, जब यहां बीएसपी द्वारा मोहक रंगीन म्यूजिकल फाउंटेन लगाया गया। तब मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा बताया गया था कि यह संगीतमय फौव्वारा बैंगलौर म्यूजिकल फाउंटेन के बाद भारत का दूसरा सबसे यूनिक फाउंटेन है।

इसका खूबसूरत नजारा लेने भिलाई दुर्ग ही नहीं बल्कि दूरदराज से भी मैत्रीबाग आते थे। खुशनुमा शाम को आसमान पर बिखरी चांदनी के बीच सुरीली धुनों पर थिरकती खूबसूरत सतरंगी फुहारों को देख पर्यटक मत्रमुग्ध हो जाते थे। लेकिन दस बारह साल चलने के बाद यह आकर्षक फाउंटेन मेंटेनेंस मांगने लगा। इस दौरान बिगड़ने के कारण महीनों बंद रहा और कई बार रिपेयर भी किया गया।

लेकिन पिछले करीबन दस साल से यह म्यूजिकल फाउंटेन बंद पड़ा है बल्कि कबाड़ की तरह हो गया है। इसके चलते रोजाना मैत्रीबाग आने वाले सैलानियों की इसके रोमांचक दीदार से वचित होना पड़ रहा है। मैत्रीबाग आए पर्यटकों ने बताया कि म्यूजिक फाउंटेने को देखे बिन मैत्रीबाग का विजिट अधूरा लगता है। इसे जल्द रिपेयर करने से लोगों का मनोरंजन व मैत्रीबाग की भी आय बढ़ेगी।

## 10 साल से मैत्री बाग आने वाले पर्यटक हो रहे मायूस



### नहीं मिलते हैं पुराने पार्ट्स

मैत्रीबाग में म्यूजिकल फाउंटेन का शो हफ्ते में दो दिन गुरुवार और शनिवार को शाम 6 बजे से होता था। खूबसूरत बोटिंग झील के किनारे फाउंटेन गैलरी दर्शकों से खचाखच भरी होती थी। टिकट उस समय 10 रुपए था। मधुर फिल्मी गीतों की धुन पर नाचती फुहारों को देख बच्चों व बड़ों का रोमांच देखते ही बनता था। यह इतना आकर्षक था कि बीएसपी के इस्पात मंत्री व सेल चेयरमेन आदि के लिए भी होने वाले खास शो में मैत्रीबाग के स्टाफ की प्रशंसा करते थे। सूत्रों के मुताबिक लंबे समय से बंद फाउंटेन के मोटर व जनरेटर आदि खराब हो चुके हैं। कई पुराने पार्ट्स अब बाजार में नहीं मिलते हैं।

## खबर संक्षेप

### निगम के चार जोन में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**भिलाई।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर भिलाई निगम ने सभी जोन में खेलकूद का आयोजन किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई। मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए खेल में अपनी रूचि रखने वाले जोन क्रमांक एक के भेलवा तालाब में युवाओं, जोन क्रंमांक 2 अंतर्गत के स्कूली बच्चों, जोन क्रमांक 3 के 18 नंबर रोड के सुभाष चौंक के पास स्कूली बच्चों, जोन 4 शासकीय उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों एवं जोन 5 अंतर्गत सेक्टर 4 स्कूल के बच्चों के साथ विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। खेल के माध्यम से जन जागरूकता लाने एवं खेल को बढ़ावा देने के उददेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों को शपथ दिलाते हुए पुरूस्कार वितरण किया गया। ताकि भविष्य में इन्ही खिलाड़ियो में से कोई भारत के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रौशन करें।

### महिला पेशेवरों को सशक्त बनाने का दिया मंत्र

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा महिला कर्मचारियों के लिए शक्ति आन्या लीडरशिप कैस्केडिंग कार्यक्रम के तहत अर्ध-दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया। सहायक महाप्रबंध विनीता वर्मा ने सारांश प्रस्तुत किया। महाप्रबंधक सिम्मी गोस्वामी, सहायक महाप्रबंधक प्रभा, सहायक महाप्रबंधक राखी तिवारी तथा सहायक महाप्रबंधक विनीता वर्मा ने महिला कर्मचारियों को अपने करियर विषय पर टिप्स दिए। प्रश्नोत्तरी भी हुआ। सिम्मी गोस्वामी द्वारा स्टैंड टाल, स्पीक टू आत्म-जागरूकता की शक्ति से हुई, इसके बाद सुश्री प्रभा ने नेविगेटिंग चेंज कार्य की माँगों और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन" विषय पर अपने विचार साझा किए। तीसरे सत्र में विनिता ने द रिवोल्युनशरी पाथ टू बिग चेंज छोटे-छोटे आदतों से बड़ा बदलाव पर राखी तिवारी ने फ्रॉम पैसिव टू पॉवरफुल आत्म-पक्षधरता और नेटवर्किंग की भूमिका पर विचार व्यक्त किए ।

### ओए करेगा सेवानिवृत्त अफसरों का सम्मान

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अगस्त माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इस माह 10 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में जीतेन्द्र मोहन पलैया, जीएम, सुबिद कुमार डे, जीएम इंचार्ज, डॉ गिरीश उमरेडकर, एडिशनल सीएमओ जयन्त कुमार घोष, एजीएम निरंजन मधुकर मुले, एजीएम रवि विक्रम अग्रवाल, सीनियर मैनेजर के श्रीरंगा, सीनियर मैनेजर राजेंद्र कुमार सिंह, मैनेजर ब्रिजेश कुमार अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर चंद्रकांत गुप्ता, असिस्टेंट मैनेजर शामिल हैं।

### वार्षिक आमसभा 16 को

**भिलाई।** ओए-बीएसपी की कार्यकारिणी की बैठक में वार्षिक आमसभा प्रगति भवन में 16 सितंबर को शाम 6 बजे आयोजित करने का निर्णय लिया।

## बैठक : महापौर परिषद ने विभिन्न विकास कार्यों को दी मंजूरी

# जलशोधन संयंत्र में सोलर प्लांट, राइजिंग पाइप लाइन बिछेगी, जेटिंग मशीन का लगेगा किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई निगम महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से 11 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट स्थापित करने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों से मंजूरी दी।

एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों का पृथकीकरण एवं सामग्री खरीदेंगे। हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया तय करेंगे। अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, सक्शन कम जेटिंग मशीन का किराया निर्धारण, जलकर, संपवेल, पंप हाउस एवं राइजिंग पाईप लाईन जैसे विषयों का शामिल किया गया।




### खाद तैयार करेंगी स्वच्छता दीदी

एमआईसी में निर्णय लिया गया कि स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद तैयार किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु सामग्री क्रय किये जाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों ने विचार करते हुए सहमति दी। गोकुल नगर कुरूद के पास जामुल स्थित शेष अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य को कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया।

### अंडरब्रिज से हटा सोलर प्लांट

एमआईसी ने चंद्रा मोर्या अंडरब्रिज के पास आफग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य को परिर्वतन कर दिया है। अब यह 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में लगेगा। हाइड्रोलिक एलिवेटर एवं सक्शन कम जेटिंग मशीन को किराया निर्धारण करने पर विचार करते हुए सहमती प्रदान किया गया। नगर निगम भिलाई के 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने हेतु सदस्यों ने मंजूदी प्रदान की। महापौर परिषद की बैठक महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा आदि उपस्थित थे।

## इंदौर स्वच्छता मॉडल को भिलाई में उतारने की तैयारी

### शहर में नहीं लगेंगे राजनैतिक दलों के बैनर-पोस्टर कचरा फेंकने पर बड़ा जुर्माना, जनभागीदारी जरूरी

इंदौर के स्वच्छता मॉडल को भिलाई में उतारने की तैयारी है। इसके लिए डोर- टू-डोर कचरा कलेक्शन को 100 प्रतिशत किया जाएगा। राजनैतिक दलों के बैनर-पोस्टर से शहरी की सुंदरता बिगड़ती है इसलिए उनसे आग्रह किया जाएगा कि वे जन्मदिन आदि में उस राशि का खर्च किसी अच्छे कार्य में लगा दें। सब्जी मंडी या बाजार में कचरा फेंकने वालों को पहले समझाइश दी जाएगी और उसके बाद बड़ा जुर्माना लगेगा। महापौर नीरज पाल की टीम ने हाल ही में इंदौर स्वच्छता मॉडल का अध्ययन करने के बाद यहां भी सफाई व्यवस्था बेहतर करने का प्लान बनाया है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू सहित अध्ययनदलों से रायशुमारी के बाद इस कार्ययोजना को भिलाई में शुरूआत की जा रही है। इंदौर की पहचान आज देशभर में स्वच्छता के लिए होती है और लगातार सात बार देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। महापौर ने कहा कि भिलाई भी उसी दिशा में आगे बढ़ेगा।

#### वाहनों की संख्या बढ़ेगी

प्लान के मुताबिक सबसे पहले शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को 100 प्रतिशत किया जाएगा। हर घर से समय पर कचरा उठे, इसके लिए गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी और मॉनिटरिंग व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही नागरिकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा, ताकि लोग गाड़ियों को देखकर अपना कचरा दें। खुले में न फेंके।

#### कचरे से गैस प्रोसेसिंग प्लांट

प्लान में कहा गया है कि कचरे से खाद और गैस बनाने के लिए प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जाएंगे। इससे जहां एक ओर कचरे का निपटान वैज्ञानिक ढंग से होगा, वहीं दूसरी ओर गैस और खाद से अतिरिक्त आय भी होगी। शहर की गंदगी कचरे में बदलकर आमदनी का जरिया बनेगी। शहरवासियों को डस्टबिन बांटे जाएंगे।

#### तकनीकी मदद मिलेगा इंदौर से

महापौर पाल ने बताया कि नगर निगम पार्षदों और अधिकारियों ने इंदौर में देखी गई हर अच्छी व्यवस्था को नोट किया है। वहां की टीम से भी भिलाई को हरसंभव तकनीकी मदद देने की बात कही गई है। कई सवालों के जवाब में महापौर पाल ने कहा कि शहर हम सब का है। इसलिए इसे स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदीरी बहुत जरूरी है। जिससे भिलाई भी आने वाले दिनों में स्वच्छता की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन करे।

## आठ सटोरियों पर कार्रवाई 27 हजार 230 रुपए जब्त



**भिलाई।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सट्टा का कारोबार कर रहे आठ सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेवई पुलिस ने टंकी मरोदा नेवई निवासी भगवान नायक, सुपेला पुलिस ने मछली मार्केट से चिंगरी पारा विशाल साहनी, इंदिरा नगर सुपेला निजामुद्दीन अंसारी, मोहन नगर पुलिस ने सिकोसा बस्ती योगेश मरकाम, बजरंग पारा तुलेश बघेल उर्फ मोटू, भिलाई पुलिस ने रुआबाँधा तालाब के पास से रुआबांधा के जितेंद्र यादव, अमित साव, ललित यादवको पकड़ा है। सटोरियों के पास से पुलिस ने कुल 27 हजार 230 रुपए सट्टा पट्टी, कलम जब्त किया है। गौरतलब हो कि ये सभी सटोरिया लंबे समय से सट्टा का कारोबार चला रहे थे। पुलिस को भनक लगते ही घेराबंदी कर सटोरियों को पकड़ा है। ग्रामीण थाना क्षेत्रों में सट्टा का बड़ा लकारोबार संचालित है। पुलिस उसे लेकर अभियान चला नहीं पाई है।

### अमानत में खयानत करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** अमानत में खयानात करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जवाहर नगर दुर्ग निवासी अनिरूद्ध ताम्रकार के साथ आरोपी आकाश शर्मा के प्रवंचना कर अधिक लाभ के लालच में देकर खाते में विभिन्न अवसर पर 28 दिसंबर 2021 से 5 सितंबर 2022 के बीच आरोपी आकाश शर्मा ने पीड़ित के रकम अपने खाते में ट्रांसफर कराया। आरोपी ने न्यूट्रिशियन कंपनियों को राशि का भुगतान नहीं किया। पीड़ित से 25.52 लाख रूपये छलपूर्वक गबन किया। पुलिस ने आरोपी आकाश शर्मा को पकड़ा और पूछताछ पर घटना करना स्वीकार किया। नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर का योगदान रहा।

## एमआरडी के डीआईसी में सुरक्षा मित्र पहल शुरू



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विभागीय कार्यान्वयन समिति (डीआईसी-25), एमआरडी) औप सीबीडी), उत्पादन योजना एवं नियंत्रण विभाग द्वारा ठेका श्रमिकों की कार्यस्थल सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने हेतु "सुरक्षा मित्र" नामक विशेष पहल शुरु किया गया।

विभागीय कार्यान्वयन समिति के लीडर व सीजीएम तुषार कांत ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रतिबद्ध ठेका श्रमिकों को बदलाव का माध्यम बनाना तथा उन्हें कार्यस्थल की सुरक्षा व्यवस्था सुधारने में प्रत्यक्ष रूप से शामिल करना है। सुशील कुमार ने एमआरडी में यह कार्यक्रम शुरु किया। सुरक्षा मित्र बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि कहा कि सुरक्षा मित्र पहल जमीनी स्तर पर संचालित सुरक्षा संस्कृति के निर्माण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। शून्य दुर्घटना की परिकल्पना को साकार करने तथा सभी परिचालनों में सुरक्षा संस्कृति को आत्मसात करने की पहल है।

## सेल को मिला स्कोप एमिनेंस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल को साल 2022-23 के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्र में शानदार काम करने के लिए स्कोप एमिनेंस अवार्डसे सम्मानित किया गया है। पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को दिल्ली में स्कोप द्वारा आयोजित समारोह दिया। किया। मनीष राज गुप्ता, निदेशक सेल ने ग्रहण किया।

सेल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी अनुसंधान एवं विकास टीमों द्वारा उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास और सेल में नवाचार और प्रचालन के बीच गहरे तालमेल को दर्शाता है। यह एक ऐसे फ्यूचर-रेडी इस्पात उद्योग के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो जो भारत की जरूरतों को पूरा कर सके और दुनिया भर में मुकाबला कर सके।

## समिति ने दी संपत्ति कर की दरें यथावत रखने की सलाह



**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित भवनों व भूमियों के स्व-निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सीजू एन्थोनी सदस्य, राजस्व सलाहकार की अध्यक्षता में समिति के समक्ष प्रस्ताव संपत्तिकर विभाग द्वारा प्रस्तुत किया। जिसमें पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 की भांति कर योग्य संपत्तिकर की दरें यथावत रखे जाने का सलाहकार समिति द्वारा प्रकरण महापौर परिषद् के समक्ष रखे जाने हेतु पारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कलेक्टर गाईड लाईन में भूमियों के बाजार मूल्य में वृद्धि होने पर संपत्तिकर स्व-निर्धारण हेतु कर योग्य संपत्ति मूल्य की दरें में वृद्धि की जा सकेगी। सलाहकार समिति की बैठक में गिरजा बंछोर पार्षद, राजेश चौधरी पार्षद, अभय बंद, सुरेश वर्मा पार्षद एवं राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, सहायक अधीक्षक बी साटी, सहायक राजस्व अधिकारी जोन-04 बालकृष्ण नायडू, सहायक राजस्व अधिकारी जोन अनिल मेश्राम आदि, राजस्व सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित रहे।

## प्रमाणित बीज उत्पादन के लिए पंजीयन की अंतिम आज

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा खरीफ मौसम में किसानों के लिए प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस योजना से जुड़कर किसान न सिर्फ अपनी उपज बढ़ा सकते हैं, बल्कि सामान्य धान खरीदी की तुलना में प्रति एकड़ हजारों रुपये ज्यादा कमा सकते हैं।जिला बीज निगम संयोजक माधुरी बाला ने बताया कि प्रमाणित बीज उपयोग करने से किसानों को 10 से 15 प्रतिशत अधिक उत्पादन मिलता है। बीज निगम किसानों से सीधा उत्पादन कार्यक्रम के तहत बीज क्रय करता है और बाजार भाव से कहीं अधिक दर पर भुगतान करता है। इसमें धान मोटा किस्म 3843 रुपये प्रति क्विंटल शासन दर से 743 रुपये अधिक, धान पतला किस्म : 4011 रुपए प्रति क्विंटल, धान सुगंधित किस्म : 4444 रुपए प्रति क्विंटल है। विदित हो कि पिछले खरीफ सीजन में किसानों को धान खरीदी की सामान्य दर 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मुकाबले औसतन 15 हजार रुपये प्रति एकड़ तक ज्यादा आमदनी हुई। 1 हेक्टेयर जमीन वाले किसान को लगभग 40 हजार तक का अतिरिक्त लाभ मिला।

इसके लिए जिन किसानों के पास कम से कम 2.5 एकड़ जमीन है, वे मामूली शुल्क पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के बाद बीज उत्पादन का पूरा प्रशिक्षण और तकनीकी जानकारी निगम के अधिकारी देंगे। फसल कटने पर बीज को बीज प्रक्रिया केंद्र में जमा करने पर एक सप्ताह के भीतर 60 प्रतिशत अग्रिम राशि किसानों को मिल जाती है। शेष 40 प्रतिशत राशि बीज परीक्षण परिणाम आने के बाद लगभग 2 माह के भीतर दी जाती है।

**31 अगस्त तक पंजीयन जरूरी-** माधुरी बाला ने बताया कि शासन स्तर पर उत्पादन अनुदान बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। अगर यह लागू होता है तो किसानों को और ज्यादा लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि इस सुनहरे अवसर को हाथ से न जाने दें और 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं।

## सड़क सुरक्षा व यातायात प्रबंधन पर हुआ मंथन

# द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ने किया समूह परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता दीपक कुमार शर्मा पूर्व अपर महानिदेशक, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने की। विशिष्ट अतिथि एसएसपी विजय अग्रवाल थे। डॉ. सनी देओल, सह प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर ने शहरी क्षेत्रों में सतत यातायात प्रबंधन मुद्दे और चुनौतियाँ तथा ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यातायात दुर्ग भिलाई सड़क सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। इसी विषय पर समूह चर्चा में विषय विशेषज्ञ सीजीएम बीएसपी उत्पल दत्ता, संदीप बागडे , अपर संचालक , नगर तथा ग्राम निवेश, छत्तीसगढ़ शासन, डा सनी देओल, सह प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर, ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, (यातायात) दुर्ग भिलाई प्रदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता, लोनवि थे। परिचर्चा का संचालन अरविन्द रस्तोगी व स्वागत भाषण इंडिया के भिलाई के चेयरमैन पुनित चौबे ने दिया।

■ यातायात प्रबंधन पर वक्ताओं ने किया मंथन

दीपक शर्मा ने कहा कि तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों की बढती संख्या हमारे शहरों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि शहरों में भूमि सीमित है और सडकों की चौड़ाई एक निश्चित सीमा तक ही बढाई जा सकती है। श्री शर्मा ने कहा कि सतत विकास और पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें सार्वजनिक यातायात सुविधा विकसित करने पर जोर देना होगा।



### योजनांर्गत विकास से आवागमन सुगम

संदीप बागडे ने कहा कि भविष्य में इस क्षेत्र के योजनागत विकास से सड़कों तथा परिवहन के साधनों में उल्लेखनीय विकास होगा। प्रदीप गुप्ता, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने बताया कि राज्य शासन द्वारा विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से सड़र निति बनायी गयी है। अरविन्द रस्तोगी व संस्था की रोड समिति के अध्यक्ष बीपी यादव ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व सीजीएम संदीप नंदनवार व पी के तिवारी, पूर्व अध्यक्ष बीपी यादव, नागेन्द्र त्रिपाठी पूर्व मानसेवी सचिव संकल्प राय आदि उपस्थित थे।

### ट्रैफिक सेंस पर दिया जोर

विजय अग्रवाल ने ने कहा कि दुर्ग पुलिस द्वारा यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। उन्होंने नेहरूनगर चौक , ग्लोब चौक , डीपीएस रिसाली चौक तथा बोरिया चौक पर ट्रैफिक विशेषज्ञों को ध्यान देने कहा है। इस वर्ष पुलिस द्वारा त्यौहार एवं विशेष अवसरों के अवसर पर सेंट्रल एवेन्यू तथा अन्य प्रमुख मार्गों पर सड़क एवं पार्किंग की जगह छोड़कर 10 से 15 फीट दूरी बनाकर पंडाल लगाने कहा गया है। डां. देओल ने भविष्य के यातायात प्रबंधन में पैदल यात्री , साइकिल चालाक और सार्वजनिक परिवहन पर ध्यान दिए जाने पर बल दिया। ऋचा मिश्रा ने कहा कि दुर्ग पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाना, ट्रिपल सवारी, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाना तथा बिना सीटबेल्ट गाड़ी चलाने जैसे उल्लंघनों पर विशेष ध्यान दिया गया। उत्पल दत्ता ने भिलाई की सडकों पर तेज गति वाहनों विशेष कर दुपहिया वाहनों के नियंत्रण पर बल दिया।

## पेज 9 के शेष...

### रेडियो वार्ता दीदी ...

प्रसारित की जाएंगी। यह अवसर न केवल एक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, बल्कि शासन की नीतियों और योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा। दीदी के गोठ का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना है। इस कार्यक्रम में स्व–सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियां सुनाई जाएंगी—कैसे उन्होंने संघर्ष और कठिनाइयों को पार कर अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूती हासिल की, बल्कि समाज में भी एक नई पहचान बनाई।

### नेत्रदान शिविर का...

गया। बालोद जिले से जितने भी नेत्रदान के तहत नेत्र एकत्र किये जाते है। उसे नेत्र बैंक एम्स रायपुर मे जमा किया जाता है जिसे दो दृष्टिहीनो को एक या दो दिन के अंदर कार्निया प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। इस कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जेएल उईके एवं जिला कार्यप्रबंधक डॉ अखिलेश शर्मा एवं जिला नोडल अधिकारी नेत्र विशेषज्ञ डॉ एलएन वर्मा का विशेष सहयोग रहा। यह कार्यक्रम जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा निर्देश पर किया गया। नेत्रदान हेतु जिला के समस्त जनप्रतिनिधि, समस्त स्वास्थकर्मी, समस्त मितानिनो एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्कूल शिक्षा विभाग का विशेष सहयोग मिलता है।

## खबर संक्षेप




### ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड से मिलेगी मनरेगा कार्यों की जानकारी

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर जिला बालोद में मनरेगा योजना के अंतर्गत सभी 77 ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड तैयार कर ग्राम पंचायत भवन में चस्पा किया जा रहा है। क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीण अपने मोबाइल पर ही कोड स्कैन कर ग्राम पंचायत में मनरेगा अंतर्गत मोबाईल द्वारा संचालित एवं चल रहे तीन वर्षों के सभी कार्य की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पिछले तीन वर्षों में सभी कार्यों की सूची में कार्य पूर्ण, प्रगति एवं स्वीकृत तथा व्यय राशि की जानकारी एक ही क्लिक पर मिल जायेगी। इसके साथ ही पिछले तीन वर्षों ग्राम पंचायत सभी कार्यों की सूची एवं प्रगतिशील श्रमिकों की सूची की मिल सूचियां दी हैं।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत की मनरेगा कुल सृजित मानव, पंजीकृत कुल श्रमिक, सक्रिय श्रमिक एवं प्राकृतिक संसाधनों के कार्य कृषि एवं निर्माण कार्यों की भी जानकारी मिल जायेगी। क्यू आर कोड पंचायत ग्राम पंचायत में सितंबर तक चस्पा कर दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गुरूर द्वारा दी गई है।

### पर्यूषण पर्व तप और आराधना के साथ संपन्न

**बालोद।** प्रियंका श्रीजी मसा आदि ठाना 4 के सानिध्य में पर्यूषण पर्व तप एवं आराधना के साथ संपन्न हुआ। आत्मशुद्धि के इस पर्व में राग, द्वेष क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार जैसे भावों पर विजय पाने तथा आत्मा के



कल्याण के लिए परमात्मा ने त्याग और तप का जो मार्ग दिखाया है, उसका परिपालन करते हुए बहुत से लोगो ने इस पर्युषण पर्व में उपवास रखा। इसी क्रम में बड़ी तपस्या के रूप में 8 दिनों से लेकर 15 दिनों तक का उपवास भी रखा।

इसी क्रम में 16 वर्षीय बालक नैतिक गोलछा ने 31 दिनों का निराहार उपवास रखा। उनके इस त्याग और तपस्या की पूरे जैन समाज ने अनुमोदना की एवं उनका सभी संघों ने सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीसंघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने कहा कि इस उम्र में इतनी बड़ी तपस्या दृढ़ इच्छाशक्ति ओर गुरु भगवन्तों के आशीर्वाद से ही सम्भव है। नैतिक गोलछा ने इस तप के माध्यम से न केवल अपने आत्मा की शुद्धि की वरण अपने परिवार व संघ का मान बढ़ाया है। साथ ही लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं। हम पूरे संघ की ओर से उनके तप की अनुमोदना करते है एवं सम्मान करते हैं। उल्लेखनीय है कि नैतिक के इस तप का साथ देते हुए उनकी भतीजी चारुल गोलछा ने 8 एवं राजवीर गोलछा ने 9 दिनों का उपवास रखा। इन छोटे छोटे बच्चों के त्याग की सभी ने सराहना की।

### झलमला में तीज मिलन समारोह का आयोजन

**बालोद।** परिक्षेत्रीय साहू समाज झलमला द्वारा आज तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमे सुबह 10 बजे मां कर्मा की पूजा आरती एवं ध्वजारोहण किया जाएगा। 10:30 बजे अतिथि स्वागत किया जाएगा। 11 बजे बच्चो का सांस्कृति कार्यक्रम होगा। 11:30 बजे अतिथियों का उद्बोधन एवं सियान सम्मान, प्रतिभावान विद्यार्थीयो का सम्मान, आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण होगा। 2 बजे महिलाओं का खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 3 बजे पुरस्कार विरण, आभार एवं समापन समारोह होगा। जिसमे मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ बालोद साहू होंगी। अध्यक्षता उपाध्यक्ष परिक्षेत्रिय साहू समाज झलमला यामिनी साहू करेंगी। अतिविशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, सचिव तहसील साहू संघ बालोद विनीता साहू, संगठन सचिव तहसील साहू संघ बालोद चंद्रिरका साहू, प्रचार सचिव तहसील साहू संघ बालोद जागे"वरी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत परसदा जितेश्वरी साहू रहेंगी।

**अभियान :** ग्रामीणों, सरपंच, पंच और स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

# पुलिस ने धनगांव में चलाया साइबर सुरक्षा नशामुक्ति और यातायात जागरूकता अभियान





हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

बालोद पुलिस द्वारा जिले में चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति और यातायात जागरूकता अभियान के तहत डौंडीलोहारा के ग्राम धनगांव में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशानुसार यह अभियान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 'वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान' के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस शिविर में पुलिस अधिकारियों ने भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों के साथ मिलकर ग्रामीणों, सरपंच, पंच और स्कूली छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

**साइबर अपराधों से बचाव के उपाय-** पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शॉपिंग करने से बचें। शॉपिंग के लिए केवल विश्वसनीय और वैध ई-कॉमर्स साइट्स का ही सावधानीपूर्वक उपयोग करें। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया पर मिलने वाले किसी भी ट्रेडिंग ऐप या अनजान लिंक को कभी न खोलें। किसी भी खबर को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच जरूर करें।

**मोबाइल सुरक्षा के लिए चेतावनी-** पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधि आपके मोबाइल से डेटा चुरा सकती हैं, बैंकिंग ऐप्स को हैक कर सकती हैं या स्पाईवेयर इंस्टॉल कर सकती हैं। किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत रिपोर्ट करें। शिविर में लोगों को यातायात नियमों से भी अवगत कराया गया। पुलिस ने खासकर कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने और हेलमेट पहनने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में आरबीआई की छत्तीसगढ़ प्रभारी और रीजनल डायरेक्टर रिनी अजीत, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी लोहारा मुकेश सिंह, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक रुमलाल चुरेंद्र, आरक्षक रविकांत और विभिन्न बैंकों के ब्रांच मैनेजर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जस झांकी कार्यक्रम आज...



**डौण्डी लोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के नीचे पारा में जय मां दंतेश्वरी गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश मूर्ति का स्थापना की गई है। रविवार को रात्रि कालीन जय मां वैष्णवी जस झांकी ग्राम अछोली का कार्यक्रम रखा गया है।

### 9–10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन

**बालोद।** राज्य में शिक्षित बेरोजगारों को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर 09 तथा 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें शामिल होने के लिए सत्र 2022, 2023, 2024 तथा 2025 में उत्तीर्ण सभी दसवीं, बारहवीं, आईटीआई तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण विद्यार्थी रोजगार कार्यालय के वेबसाइट पर अपना पंजीयन कर सकते हैं, या पंजीयन हेतु नजदीकी शासकीय आईटीआई में 01 सितम्बर 2025 से सम्पर्क कर सकते हैं। जिसमें आप सभी अपने शैक्षणिक दस्तावेज आधार कार्ड रोजगार पंजीयन तथा दो फोटो लेकर उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय जिला बालोद में सम्पर्क कर सकते हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाया गया पीएम मातृवंदना पंजीयन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना देवरी सेक्टर देवरी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में प्रधानमंत्री मातृवंदना पंजीयन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी गर्भवती, शिशुवती माताएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई। प्रथम गर्भावस्था में 5000 रुपए की राशि दो किश्तों में देय होती है एवं द्वितीय संतान बालिका हेतु राशि 6000 एक मुस्त दी जाती है। पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया गया तथा इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं पोषण पर भी चर्चा की गई।



### हेल्थ कैंप में 221 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बालोद। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आज एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही के अंतर्गत महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। महतारी मेगा हेल्थ कैंप में आज विभिन्न ग्रामों से आए हुए 221 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें महिलाओं का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, नेत्र एवं दंत जांच एवं स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया



गया। विशेष आवश्यकता वाले महिलाओं का एक्सरे, सोनोग्राफी भी करवाया गया। बुजुर्ग महिलाओं को उनके आवश्यकता अनुसार विटामिन का सिरप, आयरन, कैल्शियम का दवाई भी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक कुंवर सिंह निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## रजत महोत्सव में स्कूलों में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। आज जिले के विभिन्न स्कूलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने बताया कि फिट इंडिया मिशन के तहत स्वामी आत्मानंद विद्यालय झलमला में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें खो–खो, शतरंज, रस्सी कुद, गोला फेंक, मार्शल आर्ट आदि शामिल है।

नगर पंचायत पलारी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश कुमार साहू ने बताया कि रजत महोत्सव अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में विभिन्न खेल कार्यक्रम सहित स्कूली छात्र छात्रओं द्वारा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नगर पंचायत गुंडरदेही के सौजन्य से आत्मानंद स्कूल में छात्र छात्रओं द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## चर्चित मुख्यमंत्री में दूसरे स्थान पर विष्णु देव साय, जनता का भरोसा बढ़ा : कुसुम शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

इंडिया टुडे के सर्वे में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें 41.9 प्रतिशत वोट मिले हैं और वे देश के बड़े राज्यों में लोकप्रियता के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हर्ष जताया और प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार जनता की कसौटी पर खरे उतर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने लोकसभा, उपचुनाव, नगर निगम और पंचायत चुनावों में सफलता पाई है। अब सर्वेक्षण में भी उन्होंने छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।



उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार और शिकायत निवारण शिविरों के माध्यम से सरकार ने आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया और त्वरित समाधान देकर भरोसा जीता। ई-ऑफिस प्रणाली, भ्रष्टाचार पर रोक और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से प्रशासनिक कार्यों में तेजी और पारदर्शिता आई है। सर्वे में बताया गया है कि फरवरी 2025 की तुलना में अगस्त 2025 में मुख्यमंत्री की लोकप्रियता में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह जनता के बीच बढ़ते भरोसे का स्पष्ट संकेत है। मोदी की गारंटी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन और कृषक उन्नति योजना ने गरीबों, महिलाओं और किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन और निवेश के अवसरों ने विकास की नई उम्मीदें जगाई हैं। मुख्यमंत्री का हाल ही में हुआ जापान और दक्षिण कोरिया का निवेशक दौरा भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को नई पहचान मिली और खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक सहयोग की दिशा में समझौते हुए। वहीं, सड़कों, पुलों, सिंचाई और बिजली जैसी आधारभूत संरचना की परियोजनाओं ने प्रदेश के विकास को गति दी है। जनता से जुड़े रहने और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी ने मुख्यमंत्री को और लोकप्रिय बनाया है। तीजा-पोरा महोत्सव, रजत जयंती महोत्सव और स्वच्छता संगम जैसे कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव बढ़ा है।

## सुपेला देशी शराब दुकान के पास अवैध अहाता

**प्रतिबंधित प्लास्टिक का हो रहा है उपयोग, नहीं किया गया कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

देशी शराब दुकान सुपेला के पास अवैध रुप से अहाता संचालित हो रहा है। इस पर आबकारी विभाग की सांठगांठ से इंकार नहीं किया जा सकता है। अवैध अहाता को लेकर आबकारी की मेहरबानी दिख रहा है। जबकि यह अहाता करीब दो माह से चल रहा है।

इसे लेकर स्थानीय लोगों ने विभाग तक में शिकायत किया है मगर आज तक अहाता बंद नहीं हो पाया है। सुपेला के इस अवैध अहाता से शाम होते ही शराबियों की भीड़ सड़क तक आ जाती है। जिससे सड़क हादसा होने की संभवना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस अवैध अहाता में पहुंचने वाले शराबियों के कारण आने जाने वाले महिला, युवतियों



तक को कई कमेंट सुनना पड़ता है। बावजूज आबकारी विभाग आहता पर मेहरबानी बनी हुई। अवैध अहाते से राजस्व का भी नुकसान होने के बाद भी कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

शाम ढलते ही अवैध अहाते में शराबियों की इतनी भीड़ हो जाती है आने जाने वालों से कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो जाया करती है।

### रोज लगता है जाम

सुपेला सड़क से लगे अवैध अहाते को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। अवैध अहाते के कारण सड़क पर रोज जाम लगती है। आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मगर न पुलिस, निगम और न ही ट्रैफिक कार्रवाई करती है। ये सभी विभाग बडे हादसा होने का इंतजार कर रहें है।

आहते में शराबी बेखौफ होकर शराब पीते को आसामी से देखा जा सकता है। सुपेला के देशी शराब दुकान के सामने चल रहे अवैध अहाते से आसपास के लोग भी खासे परेशान हो रहें है। दिन भर शराब के नशे में लोगों का आना जाना चला रहता है। लोगों की समझाइश के बाद भी अवैध अहाता चलाने वाले पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंत्री गजेंद्र ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

## दुर्ग की बदलेगी तस्वीर, खिलाड़ी बनाएंगे विश्व स्तर पर पहचान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शुक्रवार को खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर विशेष रूप से मौजूद थे। यादव ने विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रतिदिन किसी न किसी खेल गतिविधि में सहभागी बनने की अपील की। यादव ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को पूरे देश में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी साझा की।

- **खेल दिवस पर यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजन**

### प्रतिभाओं को उपलब्ध करा रहे संसाधन

गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग जिले में खेल प्रतिभाओं के लिए निरंतर आधारभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम को बीसीसीआई द्वारा दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण पूर्ण हो गया है। जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। स्टेशन रोड में स्वीमिंग पूल का निर्माण कराया जा रहा है। नयापारा में अत्याधुनिक जिम प्रस्तावित है। नाना नानी पार्क के पास जॉगिंग ट्रैक भी तैयार होने वाला है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सुविधाओं के माध्यम से दुर्ग जिले के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।





### यूनिवर्सिटी के 34 खिलाड़ी सम्मानित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के 34 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओं में विजेता होने पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में साइंस कॉलेज के प्रतिनिधि शिवेंद्र परिहार, पार्षद अरुण सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, पूर्व कुलपति एनपी दीक्षित, साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## खिलाड़ी मिले सांसद से खेल दिवस की दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कॉराकुजूबो काई कॉन फुल कॉन्टैक्ट कराते एंड योग एसोसिएशन के डायरेक्टर सेंसाई गिरी राव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सांसद विजय बघेल से मिला।

इस दौरान उन्हें खेल दिवस की बधाई दी। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में सीनियर ब्लैक बेल्ट, ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक गण एवं संस्था के राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे। विजय बघेल ने खेल से जुड़ी जानकारी ली। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, मनोज नेताम, अनुज दहाते, विधि मिश्रा, काजल बेहरा, रविकांत दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### धनोरा में आज मानस गान का आयोजन

**अंडा।** जय बजरंग बाल गणेश उत्सव समिति धनोरा मे आज शाम 7 बजे से ज्ञान गंगा मानस परिवार सिलतरा बोरी धमधा वाले मांनस गान का आयोजन किया गया है।

### गणेश उत्सव समिति का सांस्कृतिक कार्यक्रम



**डौंडी।** ग्राम मरकाटोला के गौठान चौक गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ सुरगी मिथलेश निरोटी सदस्य जिला पंचायत बालोद एवं पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।

### नगर सहित ग्रामीण अंचलों में गणेश उत्सव की धूम

**गुरूर।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण



अंचलों में गणेश उत्सव की धूम है, जहां भगवान गणेश जी जगह–जगह छोटे बड़े स्वरूपों में विराजमान हुए हैं, जहां प्रतिदिन सुबह शाम भक्त भक्ति में डूबे हुए हैं।

### योशिता का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**बालोद/सिकोसा।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पैरी में अध्ययनरत बहन योशिता ठाकुर पिता लव्य ठाकुर ग्राम पैरी का जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली



मालीघोरी जिला बालोद के कक्षा षष्ठ के लिए चयन हुआ है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने समस्त आचार्य, माता पिता एवं परिवार के सदस्यों को दिया है। प्रधानाचार्य गुनिता देशमुख, अध्यक्ष गैंद सिंह साहू, सचिव रामकृष्ण साहू एवं समस्त विद्यालय परिवार ने इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### कांवरियों का किया गया स्वागत

**दुर्ग।** ऋषि पंचमी के पावन पर्व पर पारिवारिक कांवरिया द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवनाथ नदी से जल लेकर छतागढ़ मंदिर में जाते हैं शिव नाथ नदी का जल शंकर जी में चढ़ाते हैं कहां कांवरियों का स्वागत चौक चौराहे पर हर जगह किया जाता है। इसी कड़ी में शिव पर बजरंग चौक में कांवरियों का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में पूर्व पार्षद राजकुमार वर्मा, मीना राजपूत, खुशबू राजपूत, डाली, सरस्वती ढीमर, रीना, शांति यादव, पुष्पा यादव, नीतू, साधना, ममता, ढीमर, किशन सिंह राजपूत, सीखपाल पटेल, राजू सोनी आदि ने कांवरियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।

**निरीक्षण : अधिकारियों को हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करने दिए निर्देश**

# पीएम आवास निर्माण में आएगी तेजी फील्ड निरीक्षण पर निकले सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को सफल बनाने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव लगातार विकासखंड के ग्राम पंचायतों का दौरा कर आवास हितग्राहियों से रूबरू होकर अप्रारंभ आवास को प्रारंभ करने में क्या दिक्कत फील्ड विजिट करते नजर आ रहे हैं। सीईओ अब कार्य योजना बनाकर सप्ताह में एक दिन नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे हैं। इससे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना निर्माण कार्य की गति रफ्तार पकड़ ली है। सीईओ पंकज देव ने संबंधित नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन गूगल शीट अपडेट करने निर्देशित किया है। इससे अब मैदानी अमला हितग्राहियों की समस्या पूछकर उनका समाधान करने में जुटे हैं। सीईओ पंकज देव ने निरीक्षण के दौरान कहा कि तकनीकी सहायक निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। आवास निर्माण में संलग्न राज मिस्त्री को तकनीकी मार्गदर्शन देते रहें। रोजगार सहायक आवास निर्माण की प्रगति रुकने पर या हितग्राहियों द्वारा समस्या बताने पर सीधे हितग्राहियों से मेरी बात कराएं। आपके स्तर पर यदि समस्या का हल निकल सकता है तो उन्हे सहयोग करें। हर व्यक्ति चाहता है कि मेरा भी पक्का मकान बने, बारिश की वजह से खपरैल वाले मकान में पानी टपकने की समस्या से निजात पाने हर व्यक्ति बेताब है। बस उन्हें सहयोग की आवश्यकता है। हमारा मैदानी अमला व्यक्तिगत रूप से रुचि ले तो आवास पूर्ण करने में सफलता हासिल होने से कोई नहीं रोक सकता है। इसी तारतम्य में ग्राम खोलझर, किल्लेकोड़ा, बगईकोहा, रेंगाडबरी मंगचुवा, करेंगांव, करतूटोला, तुरमूडा, अरजपुरी, खैरकट्टा, फुलसुंदरी, पिनकापार, मुजगहन, चेंद्रीबन, नवागांव, जेवरतला सहित सुदूर वनांचल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने हितग्राहियों के घर-घर जाकर निर्माण कार्य को देखा व हितग्राहियों से चर्चा कर ग्राम पंचायत में समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक टिप्स दिये। अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करने या कोताही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। हितग्राहियों को जानकारी के अभाव में कार्यालय का चक्कर लगाना न पड़े, इसलिए आवास स्वीकृति के पश्चात प्रथम किस्त की राशि हितग्राही के खाते में जमा होते ही हितग्राहियों को उचित माध्यम से सूचना दें। तीन स्तर पर जियो टैग कर क्रमशः 40 हजार, 55 हजार व 25 हजार हितग्राहियों के खाते में अंतरित कर उन्हें हर हाल में सूचना दें। उक्त दौरा कार्यक्रम में आवास तकनीकी सहायक उमेश कुमार नायक, ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

समस्याओं को हितग्राहियों से रूबरू हो रहे सीईओ



**सुशासन व विकास का परिणाम**

## साय देश के टॉप-2 लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए देशभर के मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जामगांव आर एरिया के कद्दावर भाजपा नेता प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश–दुनिया में बसे छत्तीसगढ़वासियों के लिए भी गौरव का विषय है।



इस ऐतिहासिक सफलता पर भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को हार्दिक बधाई करते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ का स्वर्णिम युग प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ अब विकास की अविरल गाथा लिखते हुए विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगा। भाजपा प्रदेश मंत्री वर्मा ने कहा कि सर्वे के अनुसार फरवरी 2025 में जहां 39ः जनता मुख्यमंत्री साय के कार्यों से संतुष्ट थी, वहीं अगस्त 2025 में यहआंकड़ा बढ़कर 41.9 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह बढ़ता हुआ विश्वास दर्शाता है कि भाजपा सरकार ही विकास और विश्वास की दृढ़ गारंटी है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा, व्यापारी और मातृशक्ति के लिए संचालित योजनाएं, कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढाँचे में हो रहे ऐतिहासिक सुधार जन–जन के लिए कल्याणकारी है।भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने आगे कहा कि बहुत ही अल्प समय में मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ को सुशासन, विकास और विश्वास की नई ऊचाइयों पर पहुंचाया है। मोटन सर्वे में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त होना, जनता के अपार विश्वास और मुख्यमंत्री जी की जनसेवा की ऐतिहासिक स्वीकृति है। यह स्वर्णिम उपलब्धि छत्तीसगढ़ की जनता के सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## राजहरा परिवहन संघ का आंदोलन लगातार तीसरे दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





लौह अयस्क और पैलेट परिवहन में हिस्सेदारी की मांग को लेकर राजहरा परिवहन संघ का आंदोलन लगातार तेज होते जा रहा है। तीसरे दिन भी माइंस ऑफिस के मुख्य द्वार पर सैकड़ों ट्रांसपोर्टर और सदस्य डटे रहे। संघ ने ऐलान किया है कि यदि 31 अगस्त तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 1 सितंबर से पूरा लौह अयस्क परिवहन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

**बीस साल से अधूरी मांगें, अब आरपार की लड़ाई-** संघ पदाधिकारियों ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से स्थानीय परिवहनकों को हिस्सेदारी देने की मांग की जा रही है, लेकिन बीएसपी प्रबंधन हर बार वादे करके पीछे हट जाता है। कई बार बातचीत होने के बावजूद अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। संघ ने साफ चेतावनी दी – अब और इंतजार नहीं, इस बार संघर्ष आख़िरी दम तक जारी रहेगा।

संघ ने दोहराया कि यह सिर्फ हड़ताल नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। जब तक मांगें नहीं मानी जाती, धरना जारी रहेगा। आंदोलन में संदीप शाहा, संतोष देवांगन, काकू रंधावा, सुनील जायसवाल, प्रदीप बरमोटे, विवेक, रंजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हुईं प्रतियोगिताएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर पंचायत चिखलाकसा में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। 29 से 31 अगस्त तक आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इनमें खेल प्रतियोगिताएं, जागरूकता रैली, योग और फिटनेस गतिविधियां शामिल है।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर फिट इंडिया शपथ ली और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां, विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्रों ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। बच्चों ने शानदार खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता ने यह संदेश दिया कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और एकजुटता का प्रतीक हैं। वक्ताओं ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी अद्भुत खेल प्रतिभा ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। आज खेल और फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## हायर सेकंडरी में जीवन शैली पर हुई व्याख्यान माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में ईको क्लब द्वारा स्वस्थ जीवन शैली विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन इको क्लब प्रभारी डोंगरमल रामटेके ने किया। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य पद्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता अर्पणा वर्मा, आलोक विश्वकर्मा, शिवेन्द्र बहादुर साहू और सुधीर कुमार यादव थे। कार्यक्रम निर्देशक डोंगरमल रामटेके के मार्गदर्शन में मोक्ष लक्ष्मी इंदौरिया, महेंद्र साहू, आदि द्वारा पोस्टर प्रदर्शन किया गया। शाला नायक गिरिजा खरे तथा उपशाला नायक पूजा इंदौरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वस्थ जीवन शैली के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अर्पणा वर्मा ने कहा कि फल, सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन को अपनी डाइट में शामिल करें। लंबे समय तक बैठे रहने से बचे और सक्रिय रहने की कोशिश करें। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाएं। कार्यक्रम में आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि फोन के अत्यधिक उपयोग से लोग शारीरिक गतिविधियों से दूर हो जाते हैं, जिससे मोटापा बढ़ सकता है। सोशल मीडिया की लत एक प्रकार का व्यवहार संबंधी विकार है, जहां व्यक्ति का सोशल मीडिया जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, टिकटॉक के प्रति एक अनियंत्रित और अस्वास्थ्यकर झुकाव होता है, जिससे व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसके लत के कारण व्यक्ति अपने जीवन की महत्वपूर्ण गतिविधियों, जैसे काम, पढ़ाई और वास्तविक रिश्तों को नजर-अंदाज करने लगता है और अनियंत्रित रूप से ऐप्स को स्क्रॉल करता रहता है। इस लत से चिंता, अवसाद और सामाजिक अलगाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने किया। उन्होंने इसके लिए इको क्लब प्रभारी डोंगरमल रामटेके व वक्तागणों अर्पणा वर्मा, आलोक विश्वकर्मा, शिवेन्द्र बहादुर साहू और सुधीर कुमार यादव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं बबीता दीवान, किरण शिवाने, मीनाक्षी आर्य, उर्मिला नायक, नन्दिनी जोशी, लालिमा रात्रे, धर्मिता देहारी, गिरिजा बाई भुआर्य, सगीता सुधाकर तथा गुलाब इंदौरिया उपस्थित थे।

## किरण पिस्दा से मिलकर उत्साहित हुए खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

फ़ीफा वुमन फुटबॉल कैंपेन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर खेल दिवस का आयोजन भिलाई सेक्टर 9 के ग्राउंड में किया गया। यह कैम्पेन भारत के केवल पांच राज्यों में आयोजित किया गया। इस फ़ीफा वुमन कैम्पेन जिसमें बालोद, रायपुर, नारायणपुर, दुर्ग की बालिकाओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों में शामिल होकर उत्साहित रहे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नामी गिरामी पूर्व खिलाड़ियों ने पूर्व हॉकी खिलाड़ी सबा अंजुम वर्तमान फुटबॉल खिलाड़ी किरण पिस्दा छत्तीसगढ़ की बेटी भी शिरकत करके बच्चों को प्रोत्साहित की। इसी कड़ी में गर्ल्स फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों के लिए खास रहा, क्योंकि इस बालोद जिला की बेटी अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किरण से मिलकर प्रफुल्लित होकर अपने पास पाकर उनके जैसे खिलाड़ी के रूप में देश के लिए खेलने के लिए प्रेरित हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी से दीपिका, तानिया, माधवी, राशि, शिवानी, योगिता, हर्षा, दिव्या लीना साथ में शालिनी, प्रतिभा और कोच के साथ 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां सभी खिलाड़ियों को टी शर्ट देकर सम्मानित किया। इस प्रकार का यह पहला आयोजन हुआ, जिसमें सभी बहुत प्रोत्साहित हुए।

### सुमईया अर्शी को पीएचडी की दी गई अवार्ड

**भिलाई।** अय्यप्पा नगर निवासी डॉ. सुमईया अर्शी को पीएचडी की उपाधि मिली है। उनके कोलन कैंसर (एंटी कैंसर) शोध पर यह उपाधि प्राप्त की गई। नेशनल एवं इंटरनेशनल जर्नलों में भी उनका लेख प्रकाशित हुआ। यह शोध कार्य डॉ. सुषमा दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. सुमईया अर्शी ने टारो प्लांट अरबी के पत्तों से अध्ययन में पाया गया कि इस पौधे में मौजूद जैव सक्रिय यौगिक कैंसर रोधी गुणों से युक्त है।ॉ कैंसर उपचार में संभावित रूप से उपयोगी हो सकते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## तीज मिलन पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



सबे बरस के जैसे यहू बरस कोड़िया गांव के सरपंच के निर्देश अनुसार श्री बाल गणेश उत्सव समिति वाले भाई मन हमर खेल संस्कृति जेन ल आज के बहिनी मन भूलावत हे तेन खेल ल तिज हारिन बहिनी मन ल खेले बर नेवता दिस आऊ जेन जेन दीदी बुआ मन जितिस वो मन ल इनाम में तीजा के लुगरा दिस फुगड़ी में पहला मीनाक्षी दूसरा उमा सारथी, गोंट पहला उमा सारथी दूसरा पुष्पा निषाद ,कुर्सी दौड़ में पहला पुष्पा निषाद दूसरा शशि साहू,कुकरी पकड़ो खेल में पहला परदेशनिन सारथी दूसरा रेशमा साहू ,मटका फोड़ तीन झन फोड़िस पहला गायत्री निषाद , दूसरा मीनाक्षी यादव तीसरा हिरौंदी साहू,सुई धागा में पहला मधु यादव दूसरा मीनाक्षी यादव आऊ आलू दौड़ में मीनाक्षी यादव पहला दूसरा मधु यादव आईसथू के थूक म बरा चूरे लार म सोंहारी,लटपट चबावत हे रोगही मुखारी,धकर धकर जीव करे लकर लकर बुताह रु हरु चूरी अउ गरु गरु सुता,चल वो बिसाहिन घर बइठे बर जाबो,घरो घर जाबो अउ फेंकत ले खाबोगाँ व भर देख लेबो सबे के तीजहा,सही सही के सब दुःख ल तन होगे सिजहा,रोज रोज नइ पावन मइके के कोराफेर जल्दी आबे रे तीजा अउ पोरा,बाल गणेश समिति के अध्यक्ष पिंटू यादव गांव के सरपंच खुमान निषाद जी ल धन्यवाद देवत बोलिस की हमर गांव में युवा सरपंच बने से गांव में बदलाव देखे ल मिलत हे आऊ भरोसा हे की अगले 5 साल में गांव में बहुत अच्छा विकास देखे ल मील ही कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच खुमान निषाद, वार्ड 3 पंच ज्ञानेश्वर साहू प्रीतम यादव, तिलक निषाद, नेमलाल निषाद, शीवा निषाद, सुदर्शन यादव, सुधराम यादव, लीलाधर यादव, रोहित यादव के साथ ग्रामीण जन बड़ भारी संख्या में शामिल हो इस हे ।

### आलबरस में तीज मिलन का कार्यक्रम सम्पन्न

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आलबरस में तीज मिलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें गांव के ,दीदी ,बहिनी, भांजी ,छोटे-छोटे बच्ची सभी ने भाग लिया। मनोरंजन करने के लिए छोटी-छोटी खेल का आयोजन किया गया। है



जिसमें गांव के मुखिया सैनिक भुवन देशमुख सरपंच,उप सरपंच नंदू राम देशमुख, हेमंत देशमुख, रेणुका देशमुख ,पूर्णिमा नेताम, आयोजक टीम पीलू राम पारकर, सुरेंद्र देशमुख, प्रीतम नेताम, खिलेश्वर यादव,राहुल देशमुख भूपेंद्र चंदेल,विनोद देशमुख, हरीश देशमुख एवं पंच गण समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

